(8)

भारतीय वन्यजीव संस्थान
Wildlife Institute of India

सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION

स्पीड पोस्ट

No. WII/RTI/CPIO/2017-18(QtrII)/App.22

Dated 03.10.2017

सेवा में,

श्री अजय दुबे,
एल-2, बी.डी.ए.फ्लैट, सी-सेक्टर,
शाहपुरा, भोपाल

**विषय – सूचना का अधिकार अधिनियम २००५ के अंतर्गत सूचना चाहने के बाबत–**

**सन्दर्भ – आपका आवेदन पत्र संख्या शून्य दिनांक 13.09.2017 जो कि इस संस्थान को आवेदन शुल्क सहित 18.09.2017 को प्राप्त हुआ**

महोदय,

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत** आपके द्वारा भेजे गए उपरोक्त प्रार्थनापत्र का अवलोकन करने की कृपा करें | आपके द्वारा मांगी गई 3 (तीन) बिन्दुवार सूचनाओं का उत्तर संस्थान के सम्बंधित अधिकारी/अधिकारियों द्वारा मुझे यह सूचित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है जो कि इसप्रकार है -

**बिन्दू 1 का उत्तर** - भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून ने मध्य प्रदेश के सरदार सरोवर योजना से सम्बंधित कोई भी अध्ययन नहीं किया है |

**बिन्दू 2 का उत्तर** - इस बिन्दू का उत्तर प्राप्त करने के लिए आप कृपया राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, नयी दिल्ली से संपर्क करें |

**बिन्दू 3 का उत्तर** - संदर्भित पत्र के आशय सम्बंधित नोटिंग यथा बाघों की संख्या में वृद्धि अखिल भारतीय बाघ, परभक्षी, भक्ष्य एवं उनके पर्यावास 2014 के मुख्य रिपोर्ट में उपलब्ध हैं जो कि भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून के वेबसाइट (http://wii.gov.in/tiger_reoports) पर भी उपलब्ध है | सुविधा के लिए कृपया बिन्दू संख्या 3 के उत्तर हेतू रिपोर्ट 'Results at a glance' एवं 'Central Indian & Eastern Landscape' देखें | यही सूचना एक सीडी में भी उपलब्ध है जो कि अगर आप चाहें तो वित्त अधिकारी, भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून के नाम से 50 रुपए नकद /डिमांड ड्राफ्ट/इंडियन पोस्टल आर्डर के द्वारा जमा करके उसकी कॉपी प्राप्त कर सकते हैं |

अगर आप उक्त जानकारी से संतुष्ट नहीं हैं तो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अधोलिखित अपीलीय प्राधिकारी को एक माह के भीतर निम्नलिखित पते पर अपील कर सकते हैं - **डॉ० वि० बि० माथुर, निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, पोस्ट बॉक्स 18 चन्द्रबनी, देहरादून - 248001, दूरभाष न० 0135-2646102, 2640910.**

धन्यवाद,

CellU-dealing 3/10/17

भवदीय
(हस्ताक्षर) 03/10/17
(डॉ० अंजू बरोठ)
केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी

पत्रपेटी सं0 18, चन्द्रबनी, देहरादून – 248 001, भारत
Post Box No. 18, Chandrabani, Dehra Dun - 248001. INDIA
ई.पी.ए.बी.एक्स : + 91-135-2640111 से 2640115 फैक्स : 0135-2640117, तार : WILDLIFE
EPABX : + 91-135-2640111 to 2640115; Fax : 0135-2640117; GRAM : WILDLIFE
ई–मेल / E-mail : wii@wii.gov.in